- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – रेन वॉटर कलेक्शन टैंक क्षमता 100 घनमीटर प्लांट के भीतर निर्मित की जाएगी। ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज क्षमता 1,687 घनमीटर प्रतिवर्ष होगा।

8. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – Induction Pyrolsis में वायु प्रदुषण नियंत्रण हेतु वेंचुरी स्क्रबर एवं पैक्ड बेग स्क्रबर से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम तथा 30 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। डी.जी. सेट हेतु निर्मित चिमनी की ऊंचाई 12 मीटर रखी जाएगी। फ्युजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव किया जाना प्रस्तावित है।

9. **परिवहन व्यवस्था** – जैव–चिकित्सा अपशिष्ट का संग्रहण एवं परिवहन जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है।

10. **विद्युत खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु 200 के.व्ही. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 250 के.व्ही. डी.जी. सेट लगाया जाना प्रस्तावित है।

11. **वृक्षारोपण की स्थिति** – कुल क्षेत्रफल में से लगभग 0.22 हेक्टेयर (लगभग 36.47 प्रतिशत) में किया जाना प्रस्तावित है।
12. जैव–अपशिष्टों का निपटान व्यवस्था का संचालन 365 दिवस किया जाएगा।
13. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषणः–**
    i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 16/10/2018 से 15/01/2019 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 6 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 6 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 6 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 6 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 6 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।
    ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 15.9 से 28.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 34.7 से 61.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 5.3 से 11.6 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{एक्स}$ 14.3 से 29.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 56.2 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 43.9 डीबीए पाया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक व्यवस्था यथा कर्मचारियों को ईयर प्लग्स प्रदान करना, यथा संभव कार्य स्थल में डेम्पिग पेड का उपयोग करना, डी.जी. सेट एकॉस्टिकली प्रुफ इंक्लोजर में स्थापित करना, परिसर के चारों तरफ वृक्षारोपण करना आदि प्रस्तावित है।
14. लोक सुनवाई दिनांक 27/06/2019 प्रातः 11:30 बजे स्थान जिला कार्यालय, कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 12/07/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।
15. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**
    i. श्री जीवन लाल नाग, सरपंच, ग्राम पंचायत कोकोडी द्वारा कहा गया कि चुंकि यह प्रोजेक्ट हमारे गांव में बन रहा है। अतः इसमें हमारे गांव के लोगो को रोजगार मिले तथा गांव के किसानों की जमीन न जाए। प्रस्तावित परियोजना स्थल के 50–100 मीटर में जो घर है तथा उसके समीप गांव भी है। उन्हें नुकसान न हो, मैं चाहता हूँ कि यह प्रोजेक्ट कुछ दूर बने तथा गांव वालो को परेशानी न हो।
    ii. श्री हेमदास पारासर, ग्राम–कोकोडी द्वारा कहा गया कि इस प्रोजेक्ट का मैं विरोध कर रहा हूँ क्योंकि इसमें मेडिकल वेस्ट को इक्ठ्ठा किया जाएगा, जिससे आस–पास के गांव वालो को परेशानी होगी। इस प्रोजेक्ट को निरस्त करे क्योंकि यह जमीन पिताजी के समय से कब्जा है।
    iii. श्री धालेन्द्र पारासर, वार्ड पंच, ग्राम–कोकोडी द्वारा कहा गया कि इस जमीन पर पिता, दादा द्वारा कब्जा लगभग 70 सालों से है। इस जमीन पर मक्का एवं उड़द आदि हम लोगों द्वारा उगाया जाता है। इसके अलावा हमारे पास दूसरी जमीन नहीं है। अतः इस जमीन को हम लोग नहीं देना चाहते है। कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि मेरे निवेदन पर ध्यान दिया जाए ताकि गांव का अहित न हो।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक का कथन एवं प्रस्तावित कार्ययोजना संबंधी जानकारी निम्नानुसार है:–

i. कुल 40 व्यक्तियों की आवश्यकता होगी। इसमें 16 अकुशल तथा 24 कुशल कारीगरों को नौकरी मिलेगी, जिसमें 90 प्रतिशत (36 कारीगर) छत्तीसगढ़ के निवासी होगे तथा स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ii. भूमि, न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला–कोण्डागांव (छ.ग.) के आदेशानुसार संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार सुविधा की स्थापना हेतु आबंटित की गई है। वर्तमान में भूमि कंपनी के आधिपत्य में है।

iii. जैव–अपशिष्टों का हथालन एवं परिवहन, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत् किया जाएगा। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों से जैव–अपशिष्टों का हथालन एवं परिवहन निर्धारित कलर कोडिग के अनुसार बंधे हुए बैग, ढंके हुए वाहनों (Covered Vehicles) से प्लांट परिसर में लाया जाएगा। इसके उपरांत सभी बैगों (Begs)का निर्धारित पद्धति से निपटान किया जाएगा। जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुष्प्रभाव की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

16. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ. एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Rs. Lakh)**
Rs. 286.05	2%	Rs. 5.80	Following activities at primary/high school village-Kokodi	
			Potable Drinking Water Facility	1.0
			Rain Water Harvesting	0.50
			Solar power plant	3.30
			Over head tank for runnig water	0.50
			Plantation	0.50
			Total	**Rs. 5.80**

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

<u>समिति का निर्णय</u>:– समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम–कोकोड़ी, तहसील व जिला–कोण्डागांव स्थित खसरा क्रमांक 243/4 (पार्ट ऑफ 243/1), कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर में प्रस्तावित New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF) के अंतर्गत Induction Pyrolsis क्षमता – 200

किलोग्राम प्रतिघंटा, Auto Clave क्षमता – 200 किलोग्राम प्रतिबैच एवं Shredder क्षमता – 100 किलोग्राम प्रतिघंटा हेतु **परिशिष्ट–02** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की जाये।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–3: श्री रमेश अग्रवाल द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 22/04/2019 के संबंध में विचार कर निर्णय लिया जाना।

श्री रमेश अग्रवाल सदस्य, जनचेतना, सत्यम कुंज, नया गंज रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा शिकायत पत्र दिनांक 22/04/2019 (प्राप्ति दिनांक 04/05/2019) प्रेषित किया गया।

शिकायत में मेसर्स शिवाली उद्योग (आई) लिमिटेड, उरला इण्स्ट्रीयल एरिया एवं मेसर्स यूबी वेंचरर्स प्राईवेट लिमिटेड, नयनपुर – गिरवरगंज इण्स्ट्रीयल एरिया में स्थापित उद्योगों को बी–2 केटेगरी के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने बाबत् शिकायत की गई है कि उक्त सभी उद्योग अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित नहीं हैं।

उसी प्रकार से (1) मेसर्स अग्रवाल स्ट्रक्चर मिल्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–उरला, (2) मेसर्स हनुमान इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–सोण्ड्रा, (3) मेसर्स सार्थक इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–उरला एवं सरोरा, (4) मेसर्स स्कान स्ट्रीप्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गुमा को बी–1 केटेगरी (ई.आई.ए. अध्ययन तथा लोक सुनवाई बिना) पैरा 7(ii) के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने बाबत् शिकायत की गई है, कि पैरा 7(ii) का उपयोग ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) प्रावधानों के तहत् नहीं किया गया है। अतः इन उद्योगों को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त किया जाए।

<u>बैठकों का विवरण</u> –

(अ) <u>समिति की 283वीं बैठक दिनांक 14/06/2019</u> –

समिति द्वारा समयाभाव के कारण प्रकरण में चर्चा पूर्ण नहीं हो पायी। समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से शिकायतकर्ता के शिकायत पर आगामी बैठक में विचार किये जाने का निर्णय लिया गया।

(ब) <u>समिति की 287वीं बैठक दिनांक 25/07/2019</u> –

शिकायत का मुख्य बिंदु क्रमांक 1:–

निम्न उद्योगों को अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित नहीं होने उपरांत भी 'बी2' केटेगरी के अंतर्गत मानकर पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है:–

क्र.	उद्योग का नाम एवं पता
1.	मेसर्स शिवाली उद्योग (इण्डिया) लिमिटेड, उरला इण्डस्ट्रीयल एरिया, जिला–रायपुर
2.	मेसर्स यूबी वेन्चर्स प्राईवेट लिमिटेड, नयनपुर–गिरवरगंज इण्डस्ट्रीयल एरिया, जिला–सूरजपुर

शिकायत बिंदु क्रमांक 1 के संबंध में तथ्यः

(I) **औद्योगिक क्षेत्र उरला एवं नयनपुर–गिरवरगंज के संबंध में:–**

1. राज्य शासन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र उरला वर्ष 1980 से एवं नयनपुर–गिरवरगंज वर्ष 2003 से स्थापित है।

2. शासन द्वारा उक्त औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि का अधिग्रहण एवं क्षेत्र का विकास कर, इन क्षेत्रों का संचालन शासन/शासकीय उपक्रम सी.एस.आई. डी.सी. (CSIDC) द्वारा किया जा रहा है।

3. राज्य शासन की अधिसूचना क्रमांक एफ 20–36/2014/11/(6), दिनांक 28/01/2015 के तहत् औद्योगिक नीति अधिसूचित की गई है। इस नीति में औद्योगिक क्षेत्र निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:–

"औद्योगिक क्षेत्र से आशय है तथा इसमें सम्मिलित है–नियत दिनांक से पूर्व एवं पश्चात् के राज्य में स्थापित/स्थापनाधीन इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर, औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक संस्थान, अर्द्ध शहरीय औद्योगिक संस्थान/ग्रामीण कर्मशाला, औधोगिक विकास केन्द्र, संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत स्थापित होने वाले औद्योगिक क्षेत्र, एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र, राज्य शासन/छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलमेंट कॉर्पोरेशन के आधिपत्य में तथा संधारित औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक पार्क तथा विशेष आर्थिक प्रक्षेत्र, राज्य शासन/भारत सरकार से अनुमोदित/सहायता प्राप्त निजी क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक पार्क/विशेष औद्योगिक प्रक्षेत्र, नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित औद्योगिक क्षेत्र तथा अंशतः औद्योगिक क्षेत्र (ऐसे उद्योग जिन्होने औद्योगिक क्षेत्रों में अंशतः भूमि आबंटन प्राप्त कर एवं अंशतः औद्योगिक क्षेत्रों से संलग्न भूमि क्रय कर उद्योग स्थापित किया जा रहा है/उद्योग स्थापित किया गया हो)।"

4. राज्य शासन की उपरोक्त वर्णित औद्योगिक नीति 2014–19 के अनुसार उपरोक्त सभी क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत परिभाषित हैं।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर समिति द्वारा उरला एवं नयनपुर–गिरवरगंज को अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत माना गया।

(II) भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. नं. J-13012/12/2013-IA-II(I) दिनांक 24/12/2013 के अनुसार 'बी' श्रेणी की परियोजनाओं 'को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने हेतु 'बी1' अथवा 'बी2' केटेगरी में मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन फेरस) हेतु निम्नानुसार गाईडलाईन जारी किए गए हैं:–

"Category B2 – All non toxic secondary metallurgical processing industries involving operation of furnaces only, such as induction and electric arc furnaces, submerged arc furnaces, and cupola with capacity > 30,000 TPA but < 60,000 TPA provided that such projects are located within the notified Industrial Estates."

अतः बिन्दु क्रमांक 2(अ) में उल्लेखित उद्योग औद्योगिक क्षेत्र में स्थित होने, सेकेण्डरी मेटालर्जिकल (Metallurgical) प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज के अंतर्गत आने तथा क्षमता 60,000 टन प्रतिवर्ष से कम होने के आवेदन करने के कारण, उपरोक्त गाईडलाईन के अनुसार इन उद्योगों को 'बी2' केटेगरी के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई।

शिकायत का मुख्य बिंदु क्रमांक 2:

इस बिंदु के तहत् निम्न उद्योगों को 'बी1' केटेगरी का मानकर तथा भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की संशोधित अधिसूचना दिनांक 23/11/2016 के पैरा 7(ii)(a) के प्रावधान के अंतर्गत बिना ई.आई.ए. अध्ययन तथा लोक सुनवाई के पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने बाबत्:–

क्र.	उद्योग का नाम एवं पता
1.	मेसर्स अग्रवाल स्ट्रक्चर मिल प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–उरला, जिला–रायपुर
2.	मेसर्स हनुमान इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम–सोण्ड्रा, जिला–रायपुर
3.	मेसर्स सार्थक इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–उरला एवं सरोरा, जिला–रायपुर
4.	मेसर्स इस्कॉन स्ट्रीप्स प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–गुमा, जिला–रायपुर

शिकायत बिंदु क्रमांक 2 के संबंध में तथ्य:

1. उपरोक्त प्रकरण केवल क्षमता विस्तार के नहीं होकर, आधुनिकीकरण के तहत् बैकवर्ड इंटिग्रेशन कर इण्डक्शन फर्नेस के साथ हॉट चार्जिंग आधारित रोलिंग मिल/केवल हॉट चार्जिंग आधारित रोलिंग मिल की स्थापना/परिवर्तन करते हुए 60,000 टन प्रतिवर्ष से कम क्षमता के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने के संबंध में थे। जिनमें क्षमता विस्तार वर्तमान में स्थापित इकाई के कार्य समय में वृद्धि कर/ईंधन (कोल/फर्नेश ऑयल) का परिवर्तन कर हॉट चार्जिंग सिस्टम अपनाए जाने/आधुनिकीकरण कर, उत्पादन किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था।

2. उद्योगों में प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित नहीं होना बताया गया। अतः किसी भी प्रकार के पुनर्वास एवं पुनःस्थापना की स्थिति निर्मित नहीं होती है।

3. उक्त सभी स्थल औद्योगिक क्षेत्र में अथवा औद्योगिक क्षेत्र के समीप पूर्व से संचालित हैं तथा उद्योग के आसपास कई अन्य उद्योग स्थापित एवं संचालित हैं।

4. इन सभी उद्योगों के प्रस्ताव में प्रस्तावित आधुनिकीकरण के फलस्वरूप प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत् वर्तमान में जल एवं वायु सम्मति प्राप्त क्षमता से उत्पादन किए जाने **तथा प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् उत्पादन किए जाने से प्रतिवर्ष उत्सर्जित होने वाले पार्टिकुलेट मेटर की मात्रा में वर्तमान में उत्सर्जित स्तर से भी कमी** होने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

5. सभी प्रस्तावों में जल का उपयोग केवल कुलिंग हेतु किया जाकर शून्य निस्सारण (Zero Discharge) की स्थिति रखते हुए, जल के पुनःउपयोग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। क्षमता वृद्धि/आधुनिकीकरण में अतिरिक्त जल की खपत की क्षतिपूर्ति करने हेतु रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था स्थापित कर, परिसर के भीतर स्टॉर्म वॉटर को भू–जल में रिचार्ज करने तथा परिसर के आस–पास स्थित शासकीय स्कूल/स्कूलों में रेन–वॉटर हार्वेस्टिंग करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

6. ठोस अपशिष्टों की मात्रा में वृद्धि के दृष्टिगत इसका विभिन्न कार्यों में उपयोग करने तथा सुरक्षित एवं वैज्ञानिक विधि से अपवहन सुनिश्चित करने का प्रस्ताव

प्रस्तुत किया गया है। उल्लेखनीय है कि उन उद्योगों से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट मुख्यतः फर्नेस स्लेग, एण्ड कटिंग, मिल स्केल आदि का पुनःउपयोग हो जाता है। ये ठोस अपशिष्ट Hazardous Waste के अंतर्गत नहीं आते है।

7. उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रस्तावित कार्यकलाप आधुनिकीकरण के साथ क्षमता विस्तार से वायु प्रदूषण कम होना तथा अन्य पर्यावरणीय घटकों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना नगण्य (insignificant impact on environment) होना पाया गया।

8. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के संशोधित अधिसूचना दिनांक 23/11/2016 द्वारा पैरा 7(ii)(a) में निम्न प्रावधान है:–

"All applications seeking prior environment clearance for expansion with increase in the production capacity beyond the capacity for which prior environment clearance has been granted under this notification

Or

with increase in either lease area or production capacity in the case of mining projects

Or

for the modernisation of an existing unit with increase in the total production capacity beyond the threshold limit prescribed in the Schedule to this notification through change in process and or technology

Or

involving a change in the product-mix

shall be made in From I and they shall be considered by the concerned Expert Appraisal Committee or State Level Expert Appraisal Committee within sixty days, who will decide on the due diligence necessary including preparation of Environment Impact Assessment and public consultations and the application shall be appraised for grant of environment clearance."

9. उपरोक्त बिन्दु से स्पष्ट हैं कि राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (SEAC), पैरा 7(ii)(a) के तहत् दिए गये प्रावधान "for the modernisation of an existing unit with increase in the total production capacity beyond the threshold limit prescribed in the Schedule to this notification through change in process and or technology" के तहत् उपयुक्त प्रकरणों पर विचार कर ई.आई.ए. अध्ययन तथा लोक सुनवाई के बिना पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा कर सकती है। राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (SEAC) द्वारा उपरोक्त प्रकरणों को उपरोक्त प्रावधान के तहत् उपयुक्त पाया गया।

<u>समिति का निर्णय</u>:– उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं के आधार पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिकायत पर आगामी कार्यवाही हेतु विचार की आवश्यकता प्रतिपादित नहीं होती है।

एजेन्डा आयटम क्रमांक–4: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।

1. **मेसर्स छापर भानपुरी लाईम स्टोन माईन (प्रो.–श्री राजीव बाजपेयी), ग्राम–छापर भानपुरी, तहसील–जगदलपुर, जिला–बस्तर (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 676)**

<u>ऑनलाईन आवेदन</u> – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 22565/ 2018, दिनांक 22/03/2018 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 22565/ 2018, दिनांक 29/03/2019 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

<u>प्रकरण का उल्लंघन संबंधी विवरण</u>:– समिति अवगत हुई कि भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 के अनुसार मुख्य एवं गौण खनिज के उत्खनन के 5 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की आवश्यकता नहीं थी। भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण दिनांक 15/09/2017 के अनुसार मुख्य एवं गौण खनिज के ऐसे समस्त प्रकरण जिनमें दिनांक 15/01/2016 के पश्चात् भी उत्खनन जारी है, को उल्लंघन की श्रेणी में मानना है।

<u>प्रस्ताव का विवरण</u> – यह दिनांक 15/01/2016 के पूर्व से संचालित चूना पत्थर खदान (मुख्य खनिज) है। यह खदान ग्राम–छापर भानपुरी, तहसील–जगदलपुर, जिला–बस्तर स्थित खसरा क्रमांक 1096 (ओल्ड) 161/1 ग, कुल लीज क्षेत्र 1.376 हेक्टेयर है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 7,500 टन/वर्ष है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/02/2019 द्वारा अधिसूचना का. आ. 1030 (अ) दिनांक 08/03/2018 के प्रावधानों के अनुसार इन्व्हॉयरोमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्व्हॉयरोमेंट मेनेजमेंट प्लान आदि तैयार करने हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (बिना लोक सुनवाई) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टीओआर जारी किया गया।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/03/2019 द्वारा परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्यवाही करने एवं स्थापना सम्मति / संचालन सम्मति जारी नहीं किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया।

<u>बैठकों का विवरण</u> –

(अ) <u>समिति की 277वीं बैठक दिनांक 14/05/2019</u> – समिति द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी बैठक दिनांक 15/05/2019 में समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए एवं इस बाबत् ई–मेल एवं दूरभाष के माध्यम से सूचना दी जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को ई–मेल एवं दूरभाष के माध्यम से प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) <u>समिति की 278वीं बैठक दिनांक 15/05/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। समिति द्वारा नस्ती/अनुरोध पत्र का अवलोकन किया गया। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 15/05/2019 द्वारा सूचना दिया गया कि समिति के समक्ष अपरिहार्य कारणों से बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित

होना संभव नहीं है। समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 10/06/2019 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(स) <u>समिति की 282वीं बैठक दिनांक 13/06/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजीव बाजपेयी, प्रोपराईटर एवं सलाहकार के रूप में मेसर्स इण्डियन माईन प्लानर्स एण्ड कन्सलटेन्ट की ओर से श्री जगमोहन कुमार चंद्रा उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा तत्समय प्रकरण में परीक्षण उपरांत निम्न स्थिति पाई गयी थी कि:–

1. ग्राम पंचायत छापर भानपुरी द्वारा दिनांक 12/06/1993 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मॉडिफाईड माईनिंग प्लान एण्ड प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के पत्र क्रमांक बस्तर/ चूप/ खयो–423/ नाग/ 06–रायपुर/ 306, दिनांक 11/08/2016 (अवधि 2015–16 से 2019–20 तक हेतु) द्वारा अनुमोदित है।
3. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जगदलपुर, जिला–बस्तर के पत्र क्रमांक 2309 दिनांक 27/09/2018 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
4. समीपस्थ आबादी ग्राम–छापर भानपुरी लगभग 1.5 किलोमीटर एवं शहर जगदलपुर 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चित्रकोट राज्यमार्ग 0.9 किलोमीटर है। प्राइमरी स्कूल एवं अस्पताल ग्राम–छापर भानपुरी 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेलवे स्टेशन तोकापाल 14.7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 10.41 किलोमीटर एवं राज्यमार्ग 10.03 किलोमीटर दूर है। इंद्रावती नदी 2.1 किलोमीटर एवं नारंगी नदी 11.93 किलोमीटर की दूरी पर है।
5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
6. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल बस्तर, जगदलपुर द्वारा दिनांक 07/08/2018 को जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त भूमि वनक्षेत्र से लगभग 1.5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है।
7. लीज डीड श्री राजीव बाजपेयी के नाम पर है। पूर्व में प्रथम लीज दिनांक 09/08/1995 से 08/08/2015 तक स्वीकृत था, तत्पश्चात् लीज डीड दिनांक 08/08/2045 तक की अवधि हेतु स्वीकृत होना बताया गया है।
8. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जगदलपुर जिला–बस्तर के ज्ञापन क्रमांक 3398, दिनांक 29/08/1995 द्वारा उत्खनन कार्य हेतु भू–प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई थी। वर्तमान में उत्खनन कार्य दिनांक 06/02/2018 से बंद होना प्रतिवेदित किया है।

9. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जगदलपुर जिला–बस्तर के पत्र क्रमांक 2479, दिनांक 24/10/2018 द्वारा उत्खनन प्रारंभ करने की तिथि से वर्षवार अद्यतन स्थिति में उत्खनित खनिज की मात्रा की प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व 10,02,000 टन एवं माईनेबल रिजर्व 5,38,650 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.03 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र में छोड़ा गया है। ओपन कास्ट मैनुअल विधि से उत्खनन किया जाता है। भू–भाग के 0.228 हेक्टेयर क्षेत्र पर उत्खनन होना बताया गया है। उत्खनन क्षेत्र एक छोटी पहाड़ी है, जिसमें मुख्य रूप से उत्खनन पहाड़ी काटकर किया गया है। वर्तमान में 15 मीटर तक पहाड़ी में उत्खनन किया गया है, तत्पश्चात् 10 मीटर नीचे और उत्खनन सतह तक किया जाएगा। खदान की संभावित आयु 72 वर्ष है। बेंच की ऊंचाई एवं चौड़ाई 3 मीटर है। ड्रिलिंग एवं ब्लाटिंग किया जाता है। विभिन्न प्रक्रियाओं हेतु 2.5 किलोलीटर प्रतिदिन जल की आवश्यकता होती है। जल का स्त्रोत बोरवेल है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। लीज क्षेत्र के अंदर 0.10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में क्रशर युनिट क्षमता 50 टन प्रतिदिन स्थापित है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुला क्षेत्र में 100 नग प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाएगा। विगत वर्षो के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष (जनवरी–दिसम्बर)	वास्तविक उत्खनन (टन)
1996	6,790
1997	2,678.63
1998	1,894
1999	2,762
2000	2,346
2001	1,058
2002	4,446
2003	7,206
2004	3,568
2005	3,105
2006	2,697
2007	4,025
2008	6,733
2009	4,409
2010	5,091
2011	3,317
2012	3,299
2013	4,634
2014	4,203
2015	5,180
2016	1,026
2017	1,217
2018	–

उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन क्षमता (टन)
2018–19	7,500
2019–20	7,500

11. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरणः–** पूर्व में परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस खदान हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। स्थिति उपर स्पष्ट की गई है।

12. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ. एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh)
Rs. 20	2%	Rs. 0.4	Following activities done in nearby School	
			Rain water harvesting in Govt School	Rs.0.20
			Potable drinking water facility in 2 near by Govt School.	Rs.0.24
			Total	**Rs. 0.44**

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पुनः उल्लंघन नहीं किए जाने के संबंध में हलफनामा (Affidavit) प्रस्तुत किया गया है।

14. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषणः–**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य नवंबर 2018 से जनवरी 2019 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 6 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 6 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 6 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 6 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 16.4 से 25.4 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 35.8 से 56.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.78 से 14.63 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{एक्स}$ 11.92 से 20.24 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 48 डीबीए से 58 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 40.6 डीबीए से 50.3 डीबीए पाया गया।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया थाः–

1. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आंकलन कर, तदनुसार अध्ययन कर संशोधित रेमेडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आगुमेंटेशन प्लान, इन्व्हॉयरोमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्व्हॉयरोमेंट मेनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया जाए।
2. जारी टी.ओ.आर. में दिए गए अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 10 एवं 11 का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।
3. उल्लंघन के दौरान सी.एस.आर. एक्टीविटी के तहत् किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया जाए।
4. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
5. समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

(द) <u>समिति की 287वीं बैठक दिनांक 25/07/2019</u> – रेमिडियल प्लान के प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजीव वाजपेयी, प्रोपराईटर द्वारा उपस्थित होकर आयोजित बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु अवसर दिये जाने का अनुरोध किया गया। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया। समिति द्वारा नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का परीक्षण किया एवं पाया गया कि:–

1. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आंकलन कर, तदनुसार अध्ययन कर संशोधित रेमेडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आगुमेंटेशन प्लान, इन्व्हॉयरोमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्व्हॉयरोमेंट मेनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया।
2. जारी टी.ओ.आर. में दिए गए अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 10 एवं 11 का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।
3. उल्लंघन के दौरान सी.एस.आर. एक्टीविटी के तहत् किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया।
4. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कोई वृक्ष नहीं काटे गये।
5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
6. प्रस्तुत रेमेडियल प्लान में दी गई गणना वास्तविक प्रतीत नहीं होती है। अतः समिति द्वारा उक्त को अमान्य किया गया।
7. समिति द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली के पत्र क्रमांक B-12015/63/2019-AS/469 dated April 10, 2019 के "Record notes of discussion in the 63rd conference of Chairman and Member Secretaries of Pollution Control Boards /

Committees held on March 18, 2018" का अवलोकन किया गया। उक्त conference के कार्यवाही विवरण के साथ संलग्न "Report of the CPCB In-house Committee on Methodology for Assessing Environmental Compensation and Action Plan to Utilize the Fund" का समिति सदस्यों द्वारा अध्ययन/अवलोकन किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली के प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों पर समिति द्वारा विचार किया एवं पाया गया कि:–

i. प्रतिवेदन में Environmental Compensation के आंकलन की Methodology का वर्णन करते हुये उद्योगों के लिए Environmental Compensation हेतु निम्न फार्मुला निर्धारित किया गया:–

EC=PIxNxRxSxLF
Where,
EC - Environmental compensation in Rs.
PI - Pollution Index of Industrial Sector
N - Number of days of voilation took place
R - a Factor in Rs. For EC
S - Factor for scale of operation
LF - Location Factor

Note:

a. The industrial sectors have been categorized into Red, Orange and Green, based on their Pollution Index in the range of 60 to 100, 40 to 59 and 21 to 40 respectively. It was suggested that the average Pollution Index of 80, 50 and 30 may be taken for calculating the Environmental Compensation for Red, Orange and Green categories of industries, respectively.

b. N, number of days for which voilation took place is the period between the day of voilation observed / due date of the direction's compliance and the day of compliance verified by CPCB / SPCB / PCC.

c. R, is the factor in Rupees, which may be minimum of 100 and maximum of 500. It is suggested to consider R as 250, as the Environmental Compensation in cases of voilation.

d. S, could be based on small / medium / large industries categorization, which may be 0.5 for micro or small, 1.0 for medium and 1.5 for large units.

e. LF, could be based on population of the city / town and location of the industrial unit. For the industrial unit located within municipal boundary or up to 10 km distance from the municipal bounary of the city / town, following factors (LF) may be used.

ii. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा उपरोक्त फार्मुला को मण्डल की 46वीं बैठक, दिनांक 29/07/2019 से छत्तीसगढ़ में अंगीकृत करते हुए लागू किया गया है।

iii. उत्खनन के प्रकरणों में Environmental Damage की गणना के लिए निर्धारित मापदण्ड नहीं हैं। स्पष्टता के अभाव में समिति ने निर्णय लिया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली द्वारा प्रस्तावित तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा

adopted उपरोक्त फार्मुला को प्रयोग के तौर पर उत्खनन के प्रकरणों में Environmental Damage की गणना के लिए ही मान्य किया जाये।

iv. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली के पत्र क्रमांक B-29012/ESS(CPA)/2015-16 dated March 7, 2016 की संशोधित गाईडलाईन अनुसार माईनिंग के प्रकरण रेड कैटेगरी के अंतर्गत आते है।

v. समिति द्वारा निर्धारित Formula में लोकेशन फैक्टर (L-Factor) के संबंध में गहन विचार किया गया। समिति का मत है कि माईनिंग एरिया (खदान) शहरी क्षेत्र से काफी दूर है तथा खदान के 10 किलोमीटर के भीतर जनसंख्या बहुत कम है। जबकि निर्धारित Formula उद्योगों (Industries) हेतु बनाया गया है। इसकी सूची में लोकेशन फैक्टर (L-Factor) का मान 10 लाख से अधिक की आबादी को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। 10 लाख से नीचे की आबादी हेतु लोकेशन फैक्टर (L-Factor) का मान नहीं होने के कारण समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकेशन फैक्टर (L-Factor) का मान 10 लाख से नीचे की आबादी हेतु निम्नानुसार माना जायेः–

क्रमांक	जनसंख्या (लाख में)	लोकेशन फैक्टर (L-Factor)
1	5–10	1.0
2	1–5	0.75
3	1 से कम	0.5

यह मापदण्ड केवल खदानों के लिए निर्धारित किया गया है।

vi. अतः उत्खनन प्रकरणों के लिए PI - 80, R-Factor - 250, S-Factor - 0.5 एवं L-Factor उपरोक्तानुसार लेने का निर्णय लिया गया।

vii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा उल्लंघन की अवधि में कुल 2,243 टन खनिज का उत्खनन किया गया है। प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उल्लंघन की अवधि में 40 से 50 टन प्रतिदिन उत्पादन किया गया था। समिति द्वारा विचार कर यह निर्णय लिया गया कि उत्पादन अनुसार उल्लघंन दिवस 57 (2300 टन/40 = 57 दिन) माना जाए।

viii. Environmental Compensation की राशि की गणना उपरोक्त फार्मुला के अनुसार निम्नानुसार होती हैः–

Environmental Compensation = PIxNxRxSxLF

Environmental Compensation = 80x57x0.5x0.5x250

Environmental Compensation = Rs. 2,85,000 /-

<u>समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–</u>

1. समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा किए गए उल्लंघन के लिए Environment Compensation के रूप में राशि 2,85,000/– रूपये निर्धारित की गई। इसका उपयोग आस–पास के शासकीय स्कूल/महाविद्यालय/संस्थान में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था, सोलर पावर की व्यवस्था, पीने योग्य पानी की व्यवस्था एवं वृक्षारोपण किए जाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना (प्रस्तावित स्कूल/ महाविद्यालय/ संस्थान का नाम, पता एवं कार्यवार खर्च का विवरण) प्रस्तुत किए जाने हेतु परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया जाए।

2. उपरोक्तानुसार प्रस्ताव तैयार कर 2,85,000/– रूपये की बैंक गारंटी एवं समयबद्ध कार्ययोजना का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर में प्रस्तुत करने हेतु परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

2. सचिव, ग्राम पंचायत कुरुसकेरा, ग्राम–कुरुसकेरा, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 826ए)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 34078/2019, दिनांक 10/04/2019।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–कुरुसकेरा, ग्राम पंचायत कुरुसकेरा, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद स्थित खसरा क्रमांक 01, कुल लीज क्षेत्र 5 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन पैरी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–90,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 277वीं बैठक दिनांक 14/05/2019 – समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
6. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी/ दस्तावेज/अद्यतन फोटोग्राफ्स के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 25/05/2019 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया गया

था। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण की सूचना दूरभाष के माध्यम से दी गई।

(ब) <u>समिति की 281वीं बैठक दिनांक 12/06/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु श्रीमती खुलेश्वरी नगारची, सरपंच एवं श्री श्याम लाल साहू, सचिव, ग्राम पंचायत कुरूसकेरा तथा श्री उमेश कुमार भार्गव, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा तत्समय प्रकरण में परीक्षण उपरांत निम्न स्थिति पाई गयी थी कि:–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।
4. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान, नवीन खदान होने के कारण पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा सकती।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त 3 बिन्दुओं की जानकारी/दस्तावेज एवं अन्य समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज/अद्यतन फोटोग्राफ्स के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 12/07/2019 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(स) <u>समिति की 286वीं बैठक दिनांक 24/07/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। समिति द्वारा नस्ती एवं प्रस्तुत अनुरोध पत्र का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नस्ती/अनुरोध पत्र का परीक्षण किया एवं पाया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु खनि निरीक्षक के पत्र दिनांक 23/07/2019 द्वारा आगामी बैठक दिनांक 25/07/2019 में समय दिये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को आगामी बैठक दिनांक 25/07/2019 में समस्त सुसंगत जानकारी/दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए एवं इस बाबत् दूरभाष पर सूचना दी जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण की सूचना दूरभाष के माध्यम से दी गई।

(द) <u>समिति की 287वीं बैठक दिनांक 25/07/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु श्रीमती खुलेश्वरी नगारची, सरपंच एवं श्री श्याम लाल साहू, सचिव, ग्राम पंचायत कुरूसकेरा तथा श्री उमेश कुमार भार्गव, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का परीक्षण किया एवं पाया गया कि:–

1. रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत कुरुसकेरा दिनांक 16/04/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–गरियाबंद के ज्ञापन क्रमांक 344, दिनांक 11/06/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
4. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) के द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त रेत खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बांध या जल परिबद्ध करने वाली संरचना अथवा अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।
5. माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशा.), जिला–रायपुर द्वारा अनुमोदित है।
6. समीपस्थ आबादी ग्राम–कुरुसकेरा 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। स्कूल ग्राम– कुरुसकेरा 1 किलोमीटर एवं अस्पताल राजिम 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4 किलोमीटर दूर है।
7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
8. आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – 910 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 196 मीटर दर्शाई गई है।
9. आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। आवेदन अनुसार उपलब्ध रेत की मात्रा – 1,00,000 घनमीटर है।
10. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
11. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गढ्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 3.18 मीटर है।
12. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रस्तुतीकरण के दौरान खनि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District

Survey Report) बनाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। एक माह के भीतर डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) प्रस्तुत किए जाने बाबत् लिखित आश्वासन (Commitment) दिया गया है।

13. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) बनाने की कार्यवाही प्रक्रिया में होने के कारण खनि निरीक्षक द्वारा डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) के परिपेक्ष्य में खनिज अधिकारी द्वारा प्रमाणित वर्तमान में जिले में स्वीकृत सभी रेत खदानों की नदीवार सूची प्रस्तुत की गई है। खनि निरीक्षक द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि घोषित रेत खदानों में वर्षा ऋतु के पश्चात् पुनः रेत भराव हो जाता है।

12. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा लिखित आश्वासन (Commitment) प्रस्तुत किया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् रेत खदान के कुल पूंजीगत व्यय/लागत का 2 प्रतिशत राशि का व्यय गांव के शासकीय स्कूल में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था में किया जाएगा। इस बाबत् विस्तृत प्रस्ताव मय प्राक्कलन के एक माह में प्रस्तुत किया जाएगा।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 3 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। पैरी नदी छोटी नदी है, अतः वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभराव होने की संभावना है।

<u>समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया</u>:–

1. आवेदित खदान (ग्राम–कुरुसकेरा) का रकबा 5 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित नहीं होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 1000 नग पौधे – 500 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 500 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे इस मानसून में लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. रेत पुनःभरण की स्थिति के आंकलन हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा पोस्ट–मानसून में (रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) रेत खदान में पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा। इसी प्रकार प्री–मानसून में (रेत उत्खनन उपरांत (माह मई अंत)) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़ें दिसम्बर 2019, 2020, 2021 एवं प्री–मानसून के आंकड़ें अगस्त 2020, 2021, 2022 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे। रेत सतह के

पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से खसरा क्रमांक 01, ग्राम–कुरुसकेरा, ग्राम पंचायत कुरुसकेरा, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद, कुल लीज क्षेत्र 5 हेक्टेयर में रेत उत्खनन अधिकतम 0.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 25,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–03** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 1 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

3. सरपंच, ग्राम पंचायत कोपरा, ग्राम–कोपरा, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 827)

<u>ऑनलाईन आवेदन</u> – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 34515/2019, दिनांक 10/04/2019।

<u>प्रस्ताव का विवरण</u> – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–कोपरा, ग्राम पंचायत कोपरा, तहसील–राजिम, जिला–गरियाबंद स्थित खसरा क्रमांक 01, कुल लीज क्षेत्र 4.7 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन पैरी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–84,600 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

<u>बैठकों का विवरण</u> –

(अ) <u>समिति की 277वीं बैठक दिनांक 14/05/2019</u> – समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

6. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज/अद्यतन फोटोग्राफ्स के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 25/05/2019 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया गया था। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण की सूचना दूरभाष के माध्यम से दी गई।

(ब) <u>समिति की 281वीं बैठक दिनांक 12/06/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु श्रीमती डॉली साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत कोपरा एवं श्री उमेश कुमार भार्गव, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा तत्समय प्रकरण में परीक्षण उपरांत निम्न स्थिति पाई गयी थी कि:–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह का लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।
3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।
4. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान, नवीन खदान होने के कारण पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा सकती।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त 3 बिन्दुओं की जानकारी/दस्तावेज एवं अन्य समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज/अद्यतन फोटोग्राफ्स के साथ आगामी माह की बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 12/07/2019 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(स) <u>समिति की 286वीं बैठक दिनांक 24/06/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। समिति द्वारा नस्ती एवं प्रस्तुत अनुरोध पत्र का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नस्ती/अनुरोध पत्र का परीक्षण किया एवं पाया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु खनि निरीक्षक के पत्र दिनांक 23/07/2019 द्वारा आगामी बैठक दिनांक 25/07/2019 में समय दिये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को आगामी बैठक दिनांक 25/07/2019 में समस्त सुसंगत जानकारी/दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए एवं इस बाबत् दूरभाष पर सूचना दी जाए। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण की सूचना दूरभाष के माध्यम से दी गई।

(द) <u>समिति की 287वीं बैठक दिनांक 25/07/2019</u> – प्रस्तुतीकरण हेतु श्रीमती डॉली साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत कोपरा एवं श्री उमेश कुमार भार्गव, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा नस्ती/जानकारी का परीक्षण किया एवं पाया गया कि:–

1. रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत कोपरा दिनांक 29/04/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–गरियाबंद के ज्ञापन क्रमांक 436, दिनांक 25/06/2018 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
4. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) के द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आरक्षित रेत खदान की निकटतम नदी तट से दूरी 10 मीटर है तथा उक्त रेत खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बांध या जल परिबद्ध करने वाली संरचना अथवा अन्य कोई प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।
5. क्वारी प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशा.), जिला–रायपुर द्वारा अनुमोदित है।
6. समीपस्थ आबादी ग्राम–कोपरा 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। स्कूल एवं अस्पताल राजिम 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4 किलोमीटर दूर है।
7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
8. आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – 980 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 200 मीटर दर्शाई गई है।
9. आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर से अधिक तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। आवेदन अनुसार उपलब्ध रेत की मात्रा – 1,59,800 घनमीटर है।
10. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
11. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गढ्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गढ्ढा (Pit)

खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 2.76 मीटर है।

12. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारुप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रस्तुतीकरण के दौरान खनि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) बनाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। एक माह के भीतर डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) प्रस्तुत किए जाने बाबत् लिखित आश्वासन (Commitment) दिया गया है।
13. डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) बनाने की कार्यवाही प्रक्रिया में होने के कारण खनि निरीक्षक द्वारा डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) के परिपेक्ष्य में खनिज अधिकारी द्वारा प्रमाणित वर्तमान में जिले में स्वीकृत सभी रेत खदानों की नदीवार सूची प्रस्तुत की गई है। खनि निरीक्षक द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि घोषित रेत खदानों में वर्षा ऋतु के पश्चात् पुनः रेत भराव हो जाता है।
